## पुरुषोत्तम मास की सोमवती अमावस्या आज

# नर्मदा तटों पर श्रद्धालुओं का मेला



**नर्मदापुरम।** ज्येष्ठ अधिकमास (पुरुषोत्तम मास) की सोमवती अमावस्या पर सोमवार को नर्मदा नदी के घाटों पर श्रद्धा और आस्था का अभूतपूर्व नजारा देखने को मिला। अमावस्या, सूर्य संक्रांति और अधिकमास के दुर्लभ महासंयोग के अवसर पर सुबह तड़के से ही लाखों श्रद्धालु मां नर्मदा के पावन जल में स्नान करने के लिए घाटों पर पहुंचने लगे। सूर्योदय के साथ ही मुख्य स्नान का क्रम शुरू हुआ, जो पूरे दिन जारी रहा।

विश्व प्रसिद्ध सेठानी घाट सहित विवेकानंद घाट, गोंदरी घाट और पर्यटन घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। घाटों पर पैर रखने तक की जगह नहीं बची थी। रविवार शाम से ही शहर में मेले जैसा माहौल बनने लगा था। दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने रातभर घाटों पर भजन-कीर्तन और जागरण कर धार्मिक माहौल को और भक्तिमय बना दिया।

नर्मदापुरम के अलावा भोपाल, विदिशा, बैतूल, छिंदवाड़ा तथा महाराष्ट्र के नागपुर सहित विभिन्न जिलों और राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचे। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर दान-पुण्य किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

पंडित शुभम दीक्षित ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार सोमवती अमावस्या, सूर्य संक्रांति और अधिकमास का यह महासंयोग अत्यंत दुर्लभ होता है। इस दिन नर्मदा स्नान, जप, तप और दान-पुण्य करने से विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है तथा जीवन के कष्टों का निवारण होता है।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। पुलिस, राजस्व विभाग और होमगार्ड के जवानों की बड़ी संख्या घाटों पर तैनात रही। किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोका गया। वहीं सेठानी घाट पर लाउडस्पीकर के माध्यम से लगातार सुरक्षा संबंधी घोषणाएं कर लोगों को सतर्क रहने की अपील की जाती रही।

## मूंग चोरी मामले में तीन आरोपियों पर एफआईआर

**सिलवानी।** सर्वोदय वेयरहाउस से करीब 80 लाख रुपये मूल्य की 1760 बोरियां मूंग गायब होने के चर्चित मामले में थाना प्रभारी संजीत परते के नेतृत्व में सिलवानी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने एकता जैन, अर्पित जैन एवं अवधेश गौर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना प्रभारी संजीत परते के निर्देशन में पुलिस टीम ने मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच कर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर यह कार्रवाई की है। यह मामला सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिलवानी पुलिस लगातार जांच में जुटी रही। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की। थाना प्रभारी संजीत परते ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है। यदि जांच के दौरान अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता सामने आती है, तो उनके खिलाफ भी नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## सच संक्षेप

### पुलिसकर्मियों के तबादले

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने स्थानांतरण नीति 2026 के तहत जिले में 110 पुलिसकर्मियों का तबादला किया है। यह कार्रवाई जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से की गई है। लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नए स्थानों पर पदस्थ कर विभागीय कार्यप्रणाली में कसावट लाने और प्रशासनिक व्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार करने का प्रयास किया गया है। पुलिस विभाग के इस व्यापक तबादला आदेश को जिले की कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि इससे कार्यकुशलता बढ़ेगी और पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा बड्डी टीम का हुआ भव्य स्वागत,

### कबड्डी टीम का स्वागत

**लटेरी।** नागपुर में आयोजित स्पोर्ट्स फॉर चेंज क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में चौथा स्थान हासिल कर लौटी विदिशा जिले की बालिका टीम का लटेरी में जोरदार स्वागत किया गया। नागपुर में हुई इस 8वीं क्षेत्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व लटेरी सांदीपनी विद्यालय की बालिका कबड्डी टीम ने किया। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अद्भुत दृढ़ संकल्प, टीम वर्क और खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश के लिए चौथा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, राजस्थान और कर्नाटक की टीमें शामिल हुईं। प्रतियोगिता ने युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और सीखने का शानदार मंच दिया।

### रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन

**शिवपुरी।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के काउंटर इंसर्जेंसी एंड एंटी टेररिज्म स्कूल (सीआईएटी), शिवपुरी में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (जीएमसी), शिवपुरी के सहयोग से एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित एवं पर्याप्त रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम सीआईएटी प्राचार्य एवं आईजीपी अशोक साम्याल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्रीमती नेहा यादव, अध्यक्ष जिला पंचायत, डॉ. डी. परमहंस, डीन, विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### 26 छात्रों का हुआ चयन

**शिवपुरी।** जॉन डियर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विगत 26 मई 2026 को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय शिवपुरी में कैंपस ड्राइव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान की इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग शाखा के अंतिम वर्ष तथा पूर्व में उत्तीर्ण भाग लेने वाले विद्यार्थियों में से कुल 26 का चयन हुआ। चयनित छात्रों को कंपनी के अधिकृत ईमेल से इसकी जानकारी प्राप्त हुई है। संस्था के प्राचार्य द्वारा बताया गया कि यह संस्थान के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि विद्यार्थियों को जॉन डीयर जैसी अग्रणी कंपनी में छात्रों के चयन से संस्था एवं शिवपुरी जिले का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने कहा कि इस कैंपस ड्राइव के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन वर्तमान में संस्थान अध्ययनरत छात्रों के लिए उद्योग एवं तकनीकी शिक्षा के मध्य बेहतर समन्वय तथा विद्यार्थियों की बेहतर कौशल तकनीकी एवं व्यवहारिक तैयारी का उदाहरण है।

### जागरूकता रैली निकली



**बैतूल।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय बैतूल द्वारा रक्तदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष कार्यक्रम को जिला मुख्यालय तक सीमित न रखते हुए ब्लॉक स्तर पर भी विस्तार दिया गया, जिसके तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोड़ाडोंगरी में जागरूकता रैली एवं स्वैच्छिक रक्तदान शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया तथा रक्त की आवश्यकता वाले मरीजों की सहायता के लिए आगे आने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर घोड़ाडोंगरी ब्लॉक की पांच सक्रिय रक्तदान समितियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। समितियों द्वारा जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने तथा स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थितजनों ने स्वैच्छिक रक्तदान करने और रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

### व्याख्यान का आयोजन



**शिवपुरी।** शहर के एबी रोड़ पर स्थित आईटीबीपी उप महानिरीक्षक, दूरसंचार वाहिनी राजीव लोचन शुक्ल के कुशल निर्देशन में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर भारत तिब्बत सीमा पुलिस की दूरसंचार वाहिनी एवं संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान शिवपुरी में रक्तदान-महादान के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए एक विशेष जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजेश चौधरी उप महानिरीक्षक के साथ साथ दोनों संस्थाओं के अधिकारीगण अधीनस्थ अधिकारीगण एवं हिमवीर उपस्थित रहे। डॉ. रामुडु रोगाली, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा व्याख्यान दिया गया जिसका मुख्य उद्देश्य बल के जवानों में रक्तदान के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा उन्हें इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करना था।

## खरीफ की तैयारियों में जुटे किसान



**सिलवानी।** क्षेत्र में इन दिनों कृषि गतिविधियां पूरे शबाब पर हैं। एक ओर किसान मूंग की फसल की कटाई और मड़ाई में व्यस्त हैं, तो दूसरी ओर खरीफ सीजन की प्रमुख फसलों धान और सोयाबीन की तैयारियां भी जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। गांवों से लेकर खेतों तक किसानों की चहल-पहल बढ़ गई है और हर तरफ आगामी फसल चक्र को लेकर उत्साह का माहौल दिखाई दे रहा है।

मूंग की फसल पककर तैयार होने के बाद किसान उसे खेतों से सुरक्षित घर और मंडियों तक पहुंचाने में जुटे हुए हैं। वहीं समय की नजाकत को देखते हुए खरीफ सीजन की तैयारियां भी साथ-साथ की जा रही हैं। क्षेत्र के अधिकांश किसान धान की नर्सरी यानी क्यारी तैयार कर रहे हैं, ताकि समय पर रोपा तैयार हो सके और बारिश शुरू होते ही रोपाई का कार्य प्रारंभ किया जा सके।

बाजारों में भी कृषि गतिविधियों का असर दिखाई देने लगा है। किसान प्रमाणित एवं उन्नत किस्मों के बीज खरीद रहे हैं। क्षेत्र में पूसा बासमती, क्रांति तथा अन्य उन्नत धान किस्मों की मांग बढ़ी है। किसानों का मानना है कि गुणवत्तापूर्ण बीज बेहतर उत्पादन और अधिक लाभ का आधार बनते हैं। दूसरी ओर सोयाबीन की बोवनी के लिए खेतों की जुताई, बखरनी और समतलीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है।

## समाजसेवी सम्मानित

**शिवपुरी।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर शक्तिशाली महिला संगठन समिति द्वारा बाणगंगा परिसर, शिवपुरी में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जिले के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं रक्तदाता वैभव कबीर (कुक्कू भैया) का सम्मान किया गया। वैभव कबीर पिछले 18 वर्षों से निरंतर स्वैच्छिक रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय हैं और अब तक 50 से अधिक बार रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान दे चुके हैं। वे सदैव वास्तविक एवं आपातकालीन आवश्यकता वाले मरीजों को प्राथमिकता देते हुए रक्त उपलब्ध कराने के लिए तत्पर रहते हैं।

## भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान

**शिवपुरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष बेमिसाल कार्यकाल के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत, भाजपा नगर मंडल फिजिकल के अध्यक्ष कृष्णा कुशवाह के नेतृत्व में स्थानीय पर्यटक स्वागत केंद्र पर एक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर परिसर की सफाई की। वरिष्ठ नेताओं जिनमें विमल मामा एवं हरिओम नरवरिया काका और पदाधिकारियों की रही गरिमामयी उपस्थिति इस अभियान के दौरान संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जिनमें शामिल हैं। डॉ. रश्मी गुप्ता (भाजपा जिला महामंत्री),शैलजा लवंगीकर (महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष),अशीष बिंदल (मंडल महामंत्री)भाजपा नगर मंडल फिजीकल मीडिया प्रभारी राजकुमार शर्र्मा, प्रतीक शर्मा (नानू),दीपक कुशवाहा, सीमा शाक्य, शोभा शर्मा, शुभ्र शर्मा, एडवोकेट प्रशांत गुर्जर, इसके साथ ही भाजपा नगर मंडल फिजिकल के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

स्वच्छता अभियान के इस विशेष अवसर पर मॉर्निंग वॉक ग्रुप द्वारा एक सुंदर और संगीतमय रामधुन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने भक्तिमय माहौल में रामधुन का भरपूर आनंद लिया और इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। 12 वर्ष बेमिसाल अभियान के अंतर्गत ही अगले चरण में आज से विशेष योगा कार्यक्रम का भी शुभारंभ होने जा रहा है।

## जन कल्याण शिविर आयोजित



**मंडीदीप।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के विश्वास, विकास एवं जनकल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंडीदीप में जन कल्याण शिविर का गरिमामयी शुभारंभ किया गया। यह विशेष शिविर भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक सुरेन्द्र पटवा के मुख्य आतिथ्य में मंगल बाजार सामुदायिक भवन में आयोजित हुआ। शिविर का उद्देश्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सीधे पहुंचाना तथा आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करना रहा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका अग्रवाल, उपाध्यक्ष पुष्पा साहू, पार्षद प्रार्थना चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बस पलटी, 26 मुसाफिर घायल

**कटनी ।** जिले के कुठला थाना क्षेत्र के लमतरा ब्रिज के समीप कल रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया। विजयराघवगढ़ की ओर से आ रही एक यात्री बस और ओवरलोड हाइवा की टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर ही एक महिला सहित तीन यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 26 से अधिक यात्री घायल हो गए।घटना कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिनका उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद बस सड़क किनारे पलट गई और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही कुठला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय नागरिकों की मदद से घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

दुर्घटना की गंभीरता को देखते हुए परिवहन विभाग ने भी तत्काल सख्त कार्रवाई की है। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पाल ने हादसे में शामिल यात्री बस क्रमांक स्क्क 19 क्क 0347 और ओवरलोड हाइवा क्रमांक स्क्क 21 ॥ 2099 के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र एवं परमिट तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए हैं।वही सूत्रों की माने तो उक्त बस आर्यन ट्रेवल्स की बताई जा रही है परिवहन विभाग द्वारा बस मालिक पंकज गुप्ता, निवासी मसुरहा वार्ड, घंटाघर रोड तथा हाइवा मालिक अनिल कुमार सुहाने, निवासी बाल गंगाधर वार्ड क्रमांक-4, पन्ना मोड़ रिलायंस पेट्रोल पंप के पास को आदेश जारी कर मूल फिटनेस प्रमाण पत्र एवं परमिट आरटीओ कार्यालय में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।इसके साथ ही बस और हाइवा दोनों के चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस भी निलंबित कर दिए गए हैं। प्रशासनिक कार्रवाई के बाद अब हादसे के कारणों और जिम्मेदारों की भूमिका की जांच की जा रही है। जिले में इस दर्दनाक दुर्घटना के बाद परिवहन व्यवस्था और ओवरलोड वाहनों की निगरानी को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

## विश्व रक्तदान दिवस पर हुआ शिविर का आयोजन

**शाजापुर।** विश्व रक्तदान दिवस पर नगर की आईएमए संस्था द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगरवासियों ने स्वेच्छा से रक्तदान करते हुए अपना योगदान दिया। इस दौरान जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया था उन्हें सम्मानित भी किया गया।

दुपाड़ा रोड स्थित व्यास हास्पिटल एवं रिसर्च सेंटर पर रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहां जिला अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. एस.डी. जायसवाल एवं उनकी टीम के सहयोग से रक्तदान कराया गया। शिविर में चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. बी.एस. मैना की उपस्थिति में आईएमए अध्यक्ष डॉ. शैलेश ठाकुर एवं सचिव डॉ. तेजपाल यादव द्वारा सभी उपस्थितजनों को नियमित रक्तदान की शपथ दिलाई गई।

## बारिश से मौसम में घुली ठंडक

**शाजापुर।** प्री-मानसून की दो दिन की बारिश के बाद से नगरवासी फिर गर्मी और उमस का सामना कर रहे हैं। हालांकि इन दिनों रूक-रूककर हो रही बारिश जरूर फोरी राहत दे रही है, लेकिन तेज बारिश के लिए अभी नगरवासियों को इंतजार करना होगा, क्योंकि मानसून की रफ्तार बहुत धीमी है जिसे यहां पहुंचने में अभी 10 दिन का समय और लग सकता है।

इन दिनों आसमान पर बादल छा रहे हैं जिससे धूप कम ही निकल रही है ओर तापमान में भी उतार-चढ़ाव जारी है। रविवार को भी नगर का अधिकतम तापमान 36.8 व न्यूनतम तापमान 23.3 डिग्री दर्ज किया गया। इसके पहले शनिवार रात को भी गरज-चमक के साथ बारिश हुई थी जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। इसके बाद दिनभर बादल छाए रहे। उम्मीद थी कि रविवार को भी बारिश होगी लेकिन आसमान पर छाए बादल हवाओं के साथ आगे निकल गए और नगरवासी आसमान ताकते रह गए। वहीं शाम को भी आसमान काले बादलों से ढंका हुआ था लेकिन कुछ देर बाद आसमान साफ हो गया। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि रविवार रात को भी बारिश की संभावना तो है, लेकिन सिस्टम कमजोर होने से स्पष्ट तरीके से कुछ कहा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि अभी मानसूनी बारिश के लिए भी करीब 10 दिनों का इंतजार करना पड़ सकता है क्योंकि मानसून आगे तो बढ़ रहा है, जिसकी गति काफी धीमी है। उन्होंने बताया कि इस माह एकाध बार तेज बारिश हो सकती है। लेकिन मानसून के लिए अगले माह तक इंतजार करना पड़ सकता है।

रूक-रूककर हो रही हल्की बारिश से लोगों को गर्मी से राहत तो मिल रही है, लेकिन बारिश थमते ही उमस से लोगों का बुरा हाल हो रहा है और लोगों का कूलर व एसी के बिना गुजारा नहीं हो रहा है।

## मशाल यात्रा 18 को

**शिवपुरी।** शहीदों की शहादत को स्मृति के रूप में संजोते हुए बीते 14 वर्षों से समाजसेवी संस्था बीपीएम जयहिंद मिशन व संत रैदास लोक कल्याण ट्रस्ट के द्वारा प्रतिवर्ष 18 जून को शिवपुरी से पैदल मशाल यात्रा निकालते हुए झांसी पहुंचकर रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान स्थल पर पहुंचकर मशाल को समर्पित किया जाता है। इसी क्रम में एक बार फिर से जिला प्रशासन के द्वारा स्थानीय तात्याटोपे स्मारक से इस मशाल यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर शिवपुरी से झांसी के लिए 17 जून को प्रातः 8 बजे रवाना किया जाएगा जो 18 जून को झांसी पहुंचकर संपन्न होगी।

## बेरोजगारों के लिए पंजीयन अभियान शुरू

**सारनी।** अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन, जिला बैतूल ने सारनी क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से पहल शुरू की है। संगठन के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार बौरासी ने बताया कि सारनी क्षेत्र में नए यूनिट का कार्य प्रारंभ होने के बाद बीएचईएल एवं उसकी सहयोगी कंपनियों में कुशल, अर्धकुशल तथा अन्य श्रेणी के कर्मचारियों की आवश्यकता बढ़ने की संभावना है। संगठन ने दावा किया है कि वह संबंधित कंपनियों से लगातार संपर्क कर स्थानीय एवं क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए चर्चा करेगा। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से बायोडाटा, आधार कार्ड की छायाप्रति, वोटर आईडी कार्ड की छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट आकार के फोटो दो सेट में जमा कराने की अपील की गई है। संगठन के अनुसार प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर अभ्यर्थियों का डाटा संबंधित कंपनियों को उपलब्ध कराया जाएगा तथा रोजगार दिलाने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। युवाओं से जून माह के भीतर अपने दस्तावेज संगठन कार्यालय, क्वार्टर नंबर ओल्ड ई-23, शॉपिंग सेंटर, सारनी में जमा कराने को कहा गया है। रोजगार पंजीयन अभियान के संबंध में सारनी, पाथाखेड़ा, शोभापुर-बगडोना एवं घोड़ाडोंगरी क्षेत्र के लिए विभिन्न पदाधिकारियों को संपर्क सूत्र बनाया गया है, बैतूल जिले के किसी भी क्षेत्र का व्यक्ति कर अपने दस्तावेज जमा कर सकता है ताकि अधिक से अधिक स्थानीय युवाओं को इस पहल का लाभ मिल सके और बैतूल जिले के किसी भी क्षेत्र का व्यक्ति संगठन से संपर्क कर सकता है।

## नपा की पेयजल व्यवस्था बदहाल

**बैतूल।** शिवसेना के प्रदेश सचिव विजेंद्र गोले ने नगर पालिका द्वारा संचालित पेयजल सप्लाई व्यवस्था में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शहर में जल प्रबंधन के लिए लगाया गया एससीएडीए सिस्टम, जो टंकियों में पानी भरने से लेकर जल की आवक-जावक और वितरण व्यवस्था की निगरानी करता था, पिछले कई वर्षों से बंद पड़ा है। इसके चलते जलापूर्ति व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग नहीं हो पा रही है और सप्लाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

विजेंद्र गोले ने आरोप लगाया कि जल गुणवत्ता की जांच के लिए लगाए गए क्लोरीन, पीएच और टर्बिडिटी मीटर जैसे महत्वपूर्ण उपकरण भी लंबे समय से बंद हैं। इन उपकरणों के निष्क्रिय रहने से पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच नहीं हो पा रही है, जिससे नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है। वर्षों से बंद पड़े सिस्टम को सुधारने या पुनः शुरू करने के लिए कोई ठोस प्रयास दिखाई नहीं दे रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारियों का भी इस ओर ध्यान नहीं है। विजेंद्र गोले ने कहा कि यदि समय रहते बंद पड़े सिस्टम और जल गुणवत्ता जांच उपकरणों को चालू नहीं किया गया तो शहर को भविष्य में जल संकट और स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने और पूरे मामले की जवाबदेही तय करने की मांग की है।

## टीआई भंडारी की कार्यप्रणाली से पुलिस ने जीता जन विश्वास

निज संवाददाता कालापीपल।



शाजपुर जिले के कालापीपल थाना प्रभारी रवि भंडारी अपनी सरल, सहज और परिणामोन्मुख कार्यशैली के कारण क्षेत्र में लगातार चर्चा में बने हुए हैं। अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण को लेकर उनकी कार्यप्रणाली की व्यापक सराहना हो रही है। कालापीपल ही नहीं, बल्कि पूरे शाजापुर जिले में पुलिस की सक्रियता और प्रभावी कार्रवाई को लेकर लोगों के बीच सकारात्मक चर्चा देखने को मिल रही है।

शाजापुर जिला संवेदनशील जिलों में माना जाता है। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के नेतृत्व में जिले में कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। मोहर्रम, होली सहित विभिन्न त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए हैं। अपराध नियंत्रण और प्रभावी पुलिसिंग के लिए जिला पुलिस की कार्यशैली को सराहा जा रहा है। कालापीपल थाना पुलिस ने थाना प्रभारी रवि भंडारी के नेतृत्व में राजस्थान के दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 किलो 780 ग्राम डोडा चूरा बरामद किया था। इसी प्रकार सूने मकानों में चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के साथ ही थाना क्षेत्र के ग्रामों में हुई चोरी की वारदातों के बाद पुलिस ने त्वरित जांच करते हुए आरोपियों तक पहुंच बनाई।

### पुलिस ऑफिसर ऑफ द वीक से भी हो चुके हैं सम्मानित.

उत्कृष्ट पुलिसिंग और सराहनीय कार्यों के लिए रवि भंडारी को पूर्व में पुलिस ऑफिसर ऑफ द वीक सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। इस सम्मान के अंतर्गत चयनित पुलिस अधिकारी की उपलब्धियों को विभिन्न पुलिस कार्यालयों और प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किया जाता है। यह सम्मान उनकी प्रभावी कार्यशैली और उल्लेखनीय उपलब्धियों का प्रमाण माना जाता है।

## शिवपुराण कथा के विश्राम पर निकली शोभायात्रा

**शाजापुर।** लालपुरा स्थित कायस्थ धर्मशाला में अधिकमास के उपलक्ष्य में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया। यहां पं. मोहित मेहता ने श्रद्धालुओं को शिव महापुराण का वाचन कर हरि और हर के बारे में बताया। समापन अवसर पर नगर में चल शोभायात्रा निकाली गई, जिसका भी नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

कथा के अंतिम दिन पं. मेहता ने सात दिनों तक चली इस कथा में हर अर्थात भगवान शिव और हरि अर्थात भगवान विष्णु की एकात्मता का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जहां हर हैं वहीं हरि हैं। शिव और विष्णु में भेद करने वाला कभी ईश्वर को नहीं पा सकता। पंडित जी ने बताया कि अधिक मास का यह माह पुण्य फल देने वाला होता है। शास्त्रों में कहा गया है कि अधिक मास में किया हुआ जप, तप, दान, धर्म आदि धर्म कार्य 100 गुना फल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को हर और हरी में भेद नहीं करना चाहिए।